# कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

## विज्ञप्ति

सर्वसाधारण के सूचनार्थ विज्ञापित एवं प्रसारित किया जाता है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज की **आधिकारिक वेबसाइट** www.upmsp.edu.in है।

हाल ही में यह संज्ञानित हुआ है कि **फर्जी वेबसाइट** www.upmsp-edu.in **एवं** www.upmsponline.in भी चल रही हैं, जिससे आमजन में भ्रम कि स्थिति उत्पन्न हो सकती है। **सभी विद्यार्थी, अभिभावक, विद्यालयों के प्रधानाचार्य तथा अन्य सम्बन्धित को सूचित किया जाता है** कि वे किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने अथवा परिषद् से सम्बन्धित कार्यों हेतु केवल परिषद् की आधिकारिक वेबसाइट www.upmsp.edu.in पर ही जाएं।

कृपया फर्जी वेबसाइटों पर उपलब्ध किसी भी प्रकार की सूचना, लिंक अथवा भुगतान से बचें। ऐसी गतिविधियों से परिषद् का कोई सम्बन्ध नहीं है। परिषद् द्वारा जारी सभी आधिकारिक सूचनाएँ केवल www.upmsp.edu.in पर ही उपलब्ध होंगी।

(भगवती सिंह)
सचिव

पृष्ठांकन सं० - मा०शि०प०/सिस्टम सेल/609 (1-7) दिनांक : 09-09-2025

उक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि विज्ञप्ति को जनहित में अपने समाचार पत्र के समस्त संस्करणों में मुख्य पृष्ठ पर निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2- निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
3- महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4- शिक्षा निदेशक(मा०) एवं सभापति, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5- मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक/उप शिक्षा निदेशक, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
6- अपर सचिव, मा०शि०प०, क्षे०का०, मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी एवं गोरखपुर।
7- जिला विद्यालय निरीक्षक, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

(भगवती सिंह)
सचिव

Scanned with CamScanner